# CBSE Class–5 Hindi
## NCERT Solutions
### रिमझिम पाठ- 6 . चिट्ठी का सफ़र

**चट्ठी-पत्री**

**प्रश्न 1. गांधी जी को सिर्फ उनके नाम और देश के नाम के सहारे पत्र कैसे पहुँच गया होगा?**

**उत्तर-** गांधी जी बहुत मशहूर यक्ति थे इसलिए उन तक उनके नाम और देश के नाम के सहारे पत्र पहुँच गया होगा|

**प्रश्न 2. अगर एक पत्र में पत्ते के साथ का नाम हो तो क्या पत्र जगह पर पहुँच जाएगा?**

**उत्तर-** हाँ, पत्र ठीक जगह पर पहुँच जाएगा|

**प्रश्न 3. नाम न होने से क्या समस्याएँ आ सकती है?**

**उत्तर-** नाम न होने से पत्र किसका है ये पता लगाना थोडा मुश्किल होगा|

**प्रश्न 4. पैदल हरकारों को किस-किस तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता होगा?**

**उत्तर-** पैदल हरकारों को कठिनाइयों से भरे रास्तों से जाना पड़ता होगा और उन्हें मौसम की  मार भी सहन करनी पड़ती होगी|

**प्रश्न 5. अगर तुम किसी को चिट्ठी लिख रहे हो तो पते में यह जानकारी किस क्रम में लिखोगे?**

**गली / मोहल्ले का नाम , घर का नंबर , राज्य का नाम , खंड का नाम , कस्बे / शहर / गाँव का नाम , जनपद का नाम नीचे दी गई जगह में लिखो|**

**.............**

**.............**

**.............**

**.............**

**.............**

**तुमने इस क्रम में ही क्यों लिखा?**

**उ त्तर-** 1.घर का नंबर

2. गली/मोहल्ले का नाम

3. खंड का नाम

4. कसबे/शहर/गाँव का नाम

5. जनपद का नाम

6. राज्य का नाम

हमने पता इस क्रम में इसलिए लिखा क्योंकि पता लिखते समय छोटी भौगोलिक इकाई से बड़ी भौगोलिक इकाई की तरफ बढ़ते हैं|

**प्रश्न 6. अपने घर पर कोई पुराना(या नया) पत्र ढूँढो| उसे देखकर नीचे लिखे प्रश्नों के जवाब लिखो-**

**(क) पत्र किसने लिखा?**

**(ख) किसे लिखा?**

**(ग) किस तारीख को लिखा?**

**(घ) यह पत्र किस डाकखानें में तथा किस तारीख को पहुँचा?**

**(ङ) यह उत्तर तुम्हे कैसे पता चला?**

**उ त्तर-**(क) पत्र हमारी बहिन ने लिखा|

(ख) पत्र हमारी दादी के लिए लिखा|

(ग) यह पत्र 26 फरवरी, 2008 को लिखा|

(घ) यह पत्र रोहिणी डाकखाने में 27 फरवरी, 2008 को पहुँचा|

(ड) यह उत्तर हमें पत्र को देखकर पता चला|

**प्रश्न 7. चिट्ठी भेजने के लिए आमतौर पर पोस्टकार्ड, अंतर्देशीय पत्र या लिफ़ाफ़ा इस्तेमाल किया जाता है| डाकघर जाकर इनका मूल्य पता करके लिखो-**

**उत्तर-** पोस्टकार्ड – पचास पैसे  अंतर्देशीय पत्र - चार-पाँच रूपए  लिफ़ाफ़ा - पाँच रूपए

**प्रश्न 8. डाकटिकट इकट्ठा करो| एक रूपये से लेकर दस रूपये तक के डाक टिकटों को क्रम में लगाकर कॉपी पर चिपकाओ| इकट्ठा किए गए डाकटिकट पर अपने साथियों के साथ चर्चा करो|**

**उत्तर-** छात्र डाक टिकट इकट्ठे कर स्वयं चिपकाए|

**शब्दकोश**

**नीचे शब्दकोश का एक अंश दिया गया है जिसमें 'संचार' शब्द का अर्थ भी दिया गया है|**

**संगीतज्ञ – संगीत जाने वाला , संगीत की कला में निपुण|**

**संग्रह – पु . 1. जमा क रना , इकट्ठा करना , एकत्र करना|**

**प्र . दीपक आजकल पक्षियों के पंखों का संग्रह करने लगे है |**

**2. इकट्ठी की हुई चिजों का समूह या ढेर , संकनल ; जैसे टिकट - संग्रह , निबंध - संग्रह आदि|**

**संचार - पु . 1. किसी सन्देश को दूर तक या बहुत - से लोगो तक पहुँचाने की क्रिया या प्रणाली , कम्युनिकेशन|**

**उ . टेलीफ़ोन , टेलीविज़न , सेटेलाइट आदि | संचार के माध्यमों से दुनिया आज छोटी हो गई है |**

**2. किसी चीज का प्रवाह , चलना , फैलना ; जैसे - शरीर में रक्त का संचार , विद्युत् का संचार|**

**प्रश्न -(क) बताओ की कौन-सा अर्थ पाठ के संदर्भ में ठीक है|**

**(ख) इन पन्ने को दयां से देखो और बताओ के शब्दकोश म दिए गए शब्दो के साथ क्या-क्या जानकारी दी गई होती है?**

**उत्तर-**(क) किसी सन्देश को दूर तक या बहुत-से लोगो तक पहुँचाने की क्रिया या प्रणाली, कम्युनिकेशन पाठ के संदर्भ मे ठीक है|

(ख) शब्दकोश में दिए गए सब्दो के साथ उसका अर्थ, वाक्य प्रयोग, लिंग, वचन, पुरुष आदि व्याकरण जानने वाले भागों की जानकारी दी गई होती है|